पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत राज्य के 06 (छः) जिलों में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में भौतिकी, जीव विज्ञान एवं रसायनशास्त्र प्रयोगशाला के अधिष्ठापन हेतु प्रकाशित निविदा पर बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के निविदा समिति की दिनांकः– 23.10.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही।

.....

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत राज्य के 06 (छः) जिलों में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में भौतिकी, जीव विज्ञान एवं रसायनशास्त्र प्रयोगशाला के अधिष्ठापन हेतु दिनांक–23.10.2026 को निविदा समिति की बैठक निगम कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहे :–

1. श्री ऋषि कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना।
2. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री राधेश्याम झा, संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना।
4. श्री रमेश कुमार, प्रबंधक, वित्त, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना।
5. श्री अमरदीप, आई०टी० मैनेजर, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

उक्त प्रयोजन हेतु निम्नलिखित निविदाकर्त्ता स्वयं/प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहेः–

1. Naina Enterprises, Opposite Science College, Patna-6
2. Ankit Enterprises, Kashinath More, Gayaji-823001
3. Bihar Agency, Hospital More, Biharsharif-803101
4. Urise India, Takuatand Rajauli, Dak Bungalow, Nawada-805125
5. Annapurna Trading, Chachan Complex, Neat Town Thana, Motijheel, Muzaffarpur-842001.

उक्त बैठक में Shristy Pharma, Ghosh Market, Govind Mitra road, Patna-4 अनुपस्थित रहें।

तकनीकी बीड की विवरणी :–

1. कार्य का नाम :– भौतिकी, जीव विज्ञान एवं रसायनशास्त्र प्रयोगशाला के अधिष्ठापन हेतु
2. NIT संख्या :– NIGAM/SCIENCE LAB/ 2026/05
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथिः– 13.09.2026
4. प्राप्त निविदा की संख्या :– 06 (छः)
5. निविदा प्रकाशन :– प्रभात खबर एवं दैनिक जागरण तथा विभागीय वेबसाइट

सर्वप्रथम निविदा समिति के सदस्य उक्त निविदा की निम्नांकित पृष्ठभूमि से अवगत हुएः–

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत राज्य के 06 (छः) जिलों में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में भौतिकी, जीव विज्ञान एवं रसायनशास्त्र प्रयोगशाला के अधिष्ठापन हेतु निविदा आमंत्रण, कार्य विवरणी एवं शर्तों से अवगत हुए। निविदा की निर्धारित अंतिम तिथि 13.09.2026 तक कुल 06 (छः) निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत की गईः–

1. Naina Enterprises, Opposite Science College, Patna-6
2. Shristy Pharma, Ghosh Market, Govind Mitra road, Patna-4
3. Ankit Enterprises, Kashinath More, Gayaji-823001
4. Bihar Agency, Hospital More, Biharsharif-803101
5. Urise India, Takuatand Rajauli, Dak Bungalow, Nawada-805125
6. Annapurna Trading, Chachan Complex, Neat Town Thana, Motijheel, Muzaffarpur-842001.

निविदा समिति द्वारा की गई कार्रवाइ :–

निगम कार्यालय में उक्त प्रयोजन हेतु प्राप्त कुल 06 (छः) सीलबंद निविदाओं/दस्तावेजों को निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। निविदा खोलने के समय प्राप्त निविदा दस्तावेजों एवं संबंधित अभिलेखों की उपलब्धता का सत्यापन किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का निर्धारित पात्रता एवं तकनीकी शर्तों के आलोक में परीक्षण किया गया, जिनकी विवरणी निमन्वत है :–

1. Naina Enterprises, Opposite Science College, Patna-6 – तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी कागजातों में से EMD राशि से संबंधित बैंक ड्राफ्ट, वित्तीय वर्ष 2025–26 Audited Financial Statement निविदा की तकनीकी शर्त्ते (कंडिका–4), सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (कंडिका–7), Service Support Undertaking Certificate (कंडिका–10), Solvancy Certificate की मूल प्रति (कंडिका–11) के अनुरूप नहीं होने के कारण तकनीकी निविदा में असफल पाया गया।

2. Shristy Pharma, Ghosh Market, Govind Mitra Road, Patna-4 – तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी शर्त्ते/दस्तावेज संलग्न होने के कारण तकनीकी निविदा में सफल पाया गया।

3. Ankit Enterprises, Kashinath More, Gayaji-823001– तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी कागजातों में से सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र निविदा की तकनीकी शर्त्ते (कंडिका–7) के अनुरूप नहीं होने के कारण तकनीकी निविदा में असफल पाया गया।

4. Bihar Agency, Hospital More, Biharsharif-803101–तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी कागजातों में से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कार्यानुभव प्रमाण–पत्र (कंडिका–6), सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र निविदा की तकनीकी शर्त्ते (कंडिका–7) OEM Authorisation Letter (कंडिका–8) के अनुरूप नहीं होने के कारण तकनीकी निविदा में असफल पाया गया।

5. Urise India, Takuatand Rajauli, Dak Bungalow, Nawada-805125–तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी शर्त्ते/दस्तावेज संलग्न होने के कारण तकनीकी निविदा में सफल पाया गया।

6. Annapurna Trading, Chachan Complex, Neat Town Thana, Motijheel, Muzaffarpur-842001–तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी शर्त्ते/दस्तावेज संलग्न होने के कारण तकनीकी निविदा में सफल पाया गया।

निविदा समिति द्वारा निविदा में सम्मिलित कुल 06 (छः) निविदादाताओं में से 03 (तीन) निविदादाता तकनीकी निविदा की सभी वांछित शर्त्ते पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में सर्वसम्मति से असफल धोषित किया गया। निविदा में सम्मिलित तीन निविदादाता (Shristy Pharma, Urise India, Annapurna Trading,) तकनीकी बीड के अंतर्गत वांछित सभी शर्त्ते/दस्तावेज संलग्न होने के कारण तकनीकी निविदा में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति सफल धोषित किया गया।

साथ ही सफल निविदादाता Shristy Pharma, Ghosh Market, Govind Mitra Road, Patna-4, Urise India, Takuatand Rajauli, Dak Bungalow, Nawada-805125 एवं Annapurna Trading, Chachan Complex, Neat Town Thana, Motijheel, Muzaffarpur-842001 के वित्तीय निविदा खोलने एवं निविदा समिति के निर्णय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं सभी निविदादाताओं को सूचित करने का निर्णय लिया गया।

Amar deep
23/10/2026
(अमरदीप)
आई०टी० मैनेजर,
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

23.10.26
(रमेश कुमार)
प्रबंधक, वित्त,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं
विकास निगम, पटना।

23/10/26
(राधेश्याम झा)
संयुक्त सचिव
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना

23/10/26
(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

23/10/2026
(ऋषि कुमार)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं
विकास निगम, पटना।